# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं॰ : 2231562, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in, ई-मेल :bseapatna@gmail.com


पत्रांक-नि॰ प्रा॰/नि॰ 1-03/2019 खण्ड 1642 /पटना, दिनांक 21/10/2019

प्रेषक,

रंजना कुमारी,
संयुक्त सचिव।

सेवा में,

**सभी उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (पैक्स चुनाव),**
**सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी,**
बिहार।

विषय : **प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) निर्वाचन, 2019 हेतु पैक्स के अद्यतन सदस्यों की संख्या के अनुसार मतदान केन्द्र एवं निर्वाचन शुल्क के रूप में जमा राशि का ब्योरा उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्राधिकार के पत्रांक 1574 दिनांक 09.10.2019 द्वारा प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) निर्वाचन, 2019 हेतु मतदाता सूची के प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित एवं संसूचित है, जिसके अनुसार प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक 23.10.2019 को होना है। निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन की सूचना दिनांक 24.10.2019 तक जिला सहकारिता पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जाना है एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा सूचनाएँ एकत्रित कर दिनांक 25.10.2019 तक इसे निश्चित रूप से प्राधिकार को समेकित रूप में उपलब्ध कराया जाना है।

उक्त आलोक में अनुरोध है कि दिनांक 25.10.2019 तक उक्त सुचनाओं के साथ प्रपत्र-एम 1 के अनुसार सदस्यों की अद्यतन संख्या एवं सदस्यों की संख्या के अनुसार मतदान केन्द्रों की संख्या तथा निर्वाचन शुल्क के रूप में जमा राशि का ब्योरा भी निम्नांकित प्रपत्र में उपलब्ध कराया जाय।

| क्रमांक | प्रखंड | पैक्स का नाम | प्रपत्र- एम 1 के अनुसार सदस्यों की संख्या | मतदान केन्द्रों की संख्या | जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

अत: प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन की सूचना दिनांक 24.10.2019 तक आपको उपलब्ध कराने हेतु पुन: निर्वाचन पदाधिकारी को निदेशित किया जा रहा है।

विश्वासभाजन

21.10.19

(रंजना कुमारी)
संयुक्त सचिव।

BSEA dt.21.10.2019 Vasant

ज्ञापांक : 1642 /पटना, दिनांक : 21/10/2019

प्रतिलिपि : सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उनसे अनुरोध है कि दिनांक 24.10.2019 तक प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन की सूचना जिला सहकारिता पदाधिकारी को निश्चित रूप से उपलब्ध करा देंगे। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को प्राधिकार काफी गंभीरता से लेगा।

21.10.19

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 1642 /पटना, दिनांक : 21/10/2019

प्रतिलिपि : सभी जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०)/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21.10.19

संयुक्त सचिव।